तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

10 पंचायत चुनाव में शामिल मतदान दलों को तृतीय...



10 बेसिक कंप्यूटर कोर्स प्रशिक्षण पूर्ण होने पर ...





## खबर संक्षेप

### कलंगपुरी में धूमधाम से मनाई माता पहुंचानी



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत कलंगपुरी पुजारीपारा में माता पहुंचानी मां शीतला माता मंदिर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार 13 फरवरी की सुबह से ही शीतला माता मंदिर में लोग पूजा करने पहुंचे। अंचल में माता पहुंचानी का खास महत्व है, क्योंकि यह परंपरा के समय से चली आ रही है। शीतला माता से देवी देवता आंगादेव, डांग डोला के साथ पुजारी गांव के नागरिक सभी माता आए लोगों और इकठ्ठा हुए लोगो को परघाने जाते हैं और मंदिर में लाकर सभी ढाई परिक्रमा करते हैं। माता पहुंचानी के अवसर पर ग्राम गायता मायाराम आंचला, ग्राम पटेल उजीरराम आचला, कोटवार कमलेश नाग, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक रामनाथ नरेटी, फूलसिंह नरेटी, नवल सलाम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### दो दिनी देव मेला 16 से, रात में होगा नाचा

**कोरर।** हाटकर्रा में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले दो दिवसीय देवमेला का 16 फरवरी से आयोजन हो रहा है। इस उपलक्ष्य में ग्राम तुएगुहान में रात्रिकालीन गोपाल यादव कृत गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन का 33 वां वर्ष है। उक्त जानकारी मंडली सचिव लखन टांडिया,राम उसेंडी, राजेंद्र नेताम, बालसिंह उइके एवं ललित दर्रो ने दिया।

### राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति की परीक्षा कल

**दुर्गूकोंदल ।** विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शालाओं में आठवीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 16 फरवरी रविवार को तीन परीक्षा केंद्रों सेजेस दुर्गूकोंदल, सेजेस कोण्डे, हॉयर सेकेंडरी स्कूल दमकसा में आयोजित होगा। विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रधान पाठक, संकुल समन्वयक, संकुल प्राचार्य और खंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्ययोजना बनाने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने आदेशित किया गया है। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा में दो पेपर 90-90 प्रश्नों का होगा, प्रत्येक पेपर 1.30 घंटे का होगा और ऋणात्मक अंको का प्रावधान नही है। प्रथम पेपर 10 से 11.30 बजे एवं दूसरा पेपर 1.00 से 2.30 बजे के मध्य होगा।

**मतगणना :** न्यू कम्यूनिटी हाल कांकेर में 9 बजे शुरू होगी मतगणना, मतगणना एजेंट तय

# अध्यक्ष एवं पार्षदों की किस्मत का फैसला आज, गुणा भाग में कई सीटों पर फंसा पेंच

**कांकेर और भानुप्रतापपुर में अध्यक्ष पद की जीत के लिए कांग्रेस ने किया दावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले की एक नगरपालिका कांकेर व चार नगर पंचायत चारामा, पखांजुर, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ के लिए मतगणना निर्धारित समय 9 बजे से शुरू हो जाएगी। मतदान में लगे अमले व एजेंटो को सुबह 8 बजे पहुँचना होगा। अध्यक्ष एवं पार्षदों की किस्मत का फैसला आज हो जाएगा कि किसकी किस्मत बुलंद रही। कांकेर नगरपालिका में दो चरण में गिनती होगी, पहले चरण में प्रारंभ के 11 वार्ड और दूसरे चरण में 10 वार्डो की गिनती होगी। भाजपा व कांग्रेस ने अपने-अपने मतगणना एजेंट तय करके प्रशासन को नाम सौंपा है। जानकारी के अनुसार जिला जेल के पीछे न्यू कम्युनिटी हाल में कांकेर नगरपालिका के अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी की मतगणना की व्यवस्था किया गया है। दो चरणो में मतगणना होगी और मतगणना केंद्र पर 11 टेबल को लगाया गया है। पहले चरण में क्रमशः प्रथम 11 वार्डो की ईव्हीएम स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष पर लाई जाएगी और सभी प्रत्याशियों के एजेंट की उपस्थिति में सील को खोलकर मशीन को दिखाकर कुल वोट और प्रत्याशी को मिलने वाले वोट बताए जाएंगे। दसूरे चरण में 10 वार्डो की मतगणना होगी और अध्यक्ष को मिलने वाले वोट की जानकारी दी जाएगी। यह पूरी प्रकिया दो से ढाई घंटे में समापत होने की संभावना दिख रही है। कांकेर नगर पालिका के अध्यक्ष को लेकर भाजपा और कांग्रेस अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे है।

- भाजपा ने कांकेर के अलावा अन्य चारों नगर पंचायत पर अध्यक्ष की जीत का किया दावा

### कांग्रेस ने 15 सीटों पर पार्षद की जीत का किया दावा

कांग्रेस से जुड़े आधा दर्जन कांग्रेसियों से हरिभूमि ने बात किया, उन्होने उदयनगर, शिवनगर, माहुरबंदपारा, जवाहर वार्ड, संजय नगर, आमापारा, शीतलापारा, महादेव वार्ड, मांझापारा, सुभाष वार्ड, एमजी वार्ड, शांतिनगर वार्ड, कंकालिनपारा, बरदेभाटा, राजापारा पर जीत का दावा कर रहे है।



### भाजपा की कार्यशैली से जनता नाराज, कांग्रेस की जीत पक्की



*कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि हमारी कार्यशैली को देखते हुए हमें लोगों ने जिताने का मन बना लिया था। भाजपा हमारी जीत को देखते हुए सोशल मीडिया में व्यक्तिगत मेरे खिलाफ षडयंत्र रचकर बदनाम करने के लिए कई हथकंडे अपनाएं। भाजपा के इस चेहरे को देखकर जनता नाराज हुई और हमारे काम को देखते हुए हमारे पक्ष में मतदान किया है, जिससे मेरी जीत पक्की है।*

### परिवर्तन की लहर से जीत हमारी पक्की है



*भाजपा प्रत्याशी अरूण कौशिक का कहना है कि परिवर्तन की जो लहर चली और लोगों न विधानसभा की तरह बदलबों का मन शुरू से बना लिया था, उसी का फायदा मुझे मिल रहा है, इसके अलावा हमारी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता ने स्वमेंव एकजुट होकर अध्यक्ष और पार्षद को जिताने के लिए मेहनत किया है, उसी का परिणाम है कि जीत हमारी पक्की है।*

### भाजपा ने 14 सीटों पर जीत का किया दावा

भाजपा से जुड़े आधा दर्जन पदाधिकारियों से बात किया, उनके अनुसार अलबेलापारा, उदयनगर, शिवनगर, जवाहर वार्ड, संजय नगर, आमापारा, मांझापारा, सुभाष वार्ड, अन्नपूर्णापारा, एमजीवार्ड, शांतिनगर वार्ड, बरदेभाटा, अघन नगर, जनकपुर में जीत तय है।

### तीन पर भाजपा और एक पर कांग्रेस का हो सकता है कब्जा

जिले की चार नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर में आमने सामने टक्कर है और दो घंटे में अध्यक्ष सहित पार्षदों का परिणाम सामने आ जाएगा। जनचर्चा से मिले इनपुर के आधार पर तीन भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर पर भाजपा का और चारामा में कांग्रेस के अध्यक्ष जीत सकते है। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में भाजपा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी निखिल सिंह राठौर दावा कर रहे है कि शहर में भी भाजपा की सराकर बनेगी और मेरा जीतना तय है, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भगवती गजेंद्र कुलदीप का कहना है कि शहर में हमारी फिर से सरकार बनेगी। अंतागढ़ में भाजपा के राधेलाल नाग और कांग्रेस से कुंती नेताम अपनी अपनी जीत का दावा ठोंक रहे है। पखांजुर में भाजपा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नारायण शाहा और कांग्रेस से बृजगोपाल शील अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे है। चारामा में कांग्रेस से भुनेश्वर नागराज जीत का दावा कर रहे है, वहीं दूसरी बार अध्यक्ष बनने के लिए भाजपा से अध्यक्ष के प्रत्याशी प्यारेलाल देवांगन ने भी जीत का दावा किया है।

## प्रयागराज से आंध्रप्रदेश लौटते ट्रैवलर व स्कार्पियों में भिड़ंत, 1 की मौत, 7 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में तारसगांव के पास प्रयागराज से कुंभ मेला से लौट रहें आंध प्रदेश के निवासी ट्रैवलर से जा रहे थे, सामने से आ रही स्कार्पियों से भिडंत हो गई, इसमें स्कार्पियों में चालक के बाजू में बैठे व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई व हीं ट्रैवलर में सवार लोगों को मामूली चोट आई है, जिनको ईलाज करवाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक ईलाज के उपरांत सभी दूसरे वाहन की मदद से आंध्र प्रदेश चले गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे आंध्रप्रदेश के समभूथीय थानांतर्गत काकीनाडा निवासी 40 वर्षीय कृष्ण चैतन्य पिता राधा कृष्ण ने पुलिस को बताया कि महाकुंभ मेला अपने परिवार के साथ ट्रैवलर से गया था। प्रयागराज उत्तर प्रदेश से आंध्रप्रदेश अपने परिवार के साथ 8 फरवरी को घर वापिस जा रहे थे। रायपुर से जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से होते हुए आंध्रप्रदेश जाने के लिए निकले थे, तभी 14 फरवरी की सुबह 4 बजें राष्ट्रीय राजमार्ग 30 तारसगांव कटिंग के पास पहुंचे थे। जगदलपुर की ओर से आ रही आरोपी स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 7516 से चालक सुकमा जिला के थाना छिंदगढ़ निवासी 28 वर्षीय जगत पोडियामी पिता जोगाराम पोडियामी ने अपनी वाहन ▶▶|शेष पेज 8 पर

- ट्रैवलर और स्कार्पियों में आमने सामने टक्कर से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त

## अनुपस्थित कर्मचारियों को दी अंतिम नोटिस, फिर बर्खास्तगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वास्थ्य विभाग में कई कर्मचारियों के लंबे समय से अनुपस्थित होने के चलते विभाग ने कड़ाई का पालन करते हुए उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है, इसके बाद भी उपस्थित नहीं होने पर सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शांडिया ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र सोनपाल में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निर्मला कोरेटी, उप स्वास्थ्य केन्द्र लामकन्हार में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक नेम सिंह दनात, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गूकोंदल के वार्ड ब्वाय राजेन्द्र कोड़ोपी, सिविल अस्पताल पखांजूर के भृत्य संदीप मानिकपुरी और वार्ड आया इन्दु रायस्त विगत कई महीनों से अपने कर्तव्य से बिना किसी सूचना के लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं।




इन कर्मचारियों को बार-बार कार्य पर उपस्थित होने के लिए पत्र जारी करने के पश्चात भी अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है। उनका यह कृत्य सेवा से बर्खास्त करने योग्य है।

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अवकाश नियम 2021 के नियम 11 एवं मूलभूत नियम 18 के अनुसार तीन वर्ष से अधिक निरंतर अवधि को त्याग पत्र दिया हुआ समझा जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए उक्त कर्मचारियों को कर्तव्य पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

## यूनाइटेक फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने किया प्रदर्शन, दो दिन बंद रहेगी बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बैंक अधिकारी व कर्मचारियों का संघ यूनाइटेक फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 14 फरवरी को हड़ताल के पूर्व सांकेतिक प्रदर्शन किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि कई माँगो को लेकर प्रदर्शन किया गया और मार्च माह में 24 एवं 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आव्हान किया गया है।

कांकेर में आयोजित प्रदर्शन को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों ने कहा कि बैंकों में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन, लंबित मुद्दों का समाधान, नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने जैसी मांगों का समाधान आदि को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा 24 और 25 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का अव्हान किया है। उपमहासचिव विजय बक्शी के द्वारा बैंको के ऊपर काम के बदले पर्याप्त मात्रा में भर्ती, साथ ही पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन पूर्ण ना होने पर नाराजगी व्यक्त किया है। क्षेत्रीय सचिव पवन वर्मा के द्वारा बैंकों में आउट सोर्सिंग भर्ती बंद करने, यूनाइटेड फोरम के अन्य मांगों को केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे अनदेखी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार की उदासीन रवैया पर रोष व्यक्त किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक रायपुर मॉड्यूल के उपमहासचिव विजय बक्शी, सहायक उपमहासचिव अरुण वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष रायपुर मॉड्यूल नरेश साहू, क्षेत्रीय सचिव पवन वर्मा, संगठन सचिव प्रकाश साक्षी ने किया। इसी तारतम्य में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिले कांकेर, धमतरी, बालोद एवं गरियाबंद जिलो मैं प्रदर्शन किया गया।



## अंग्रेजी शराब जब्त, एक हुआ गिरफ्तार

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि एक व्यक्ति काला रंग के बैग में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए कोदापाखा की ओर पैदल जा रहा है। जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सिकसोड़ निवासी 26 वर्षीय धन्नु राम मंडावी पिता परदेशी राम मंडावी को पकड़ा।



तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 3 नग गोवा अंग्रेजी शराब, 6 नग बियर, 1 बोतल पार्टी स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल 2 हजार 530 रूपएं के शराब को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## प्रशिक्षण का किया कलेक्टर ने निरीक्षण



**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान अधिकारियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण 14 फरवरी को दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर 14 फरवरी को दोपहर नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतर्कता एवं सजगता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सावधानी से सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्पादन बेहतर ढंग से करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम अरूण वर्मा एवं मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम साल्हे में रेलवे क्रासिंग को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से कच्चे निवासी 55 वर्षीय दिलीप कुमार रावटे की मौत हो गई। बालोद जिला के डौण्डी निवासी 29 वर्षीय दिनेश कुमार रावटे ने पुलिस को बताया कि मृतक 12 फरवरी को सुबह साढ़े 11 बजें साल्हे के रेलवे क्रासिंग को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**मतगणना स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा**

## कांकेर नगर पालिका की मतगणना दो चक्रों में होगी पूरी, 11 टेबल सजाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत शनिवार 15 फरवरी को ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। मतगणना स्थल पर 11 टेबल सजाई गई है और मतगणना दो चक्रो में पूरी होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने 14 फरवरी को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही नियमानुसार मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश रिटर्निंग ऑफिसर को दिए।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी न्यू कम्युनिटी हॉल में स्थित मतगणना स्थल का 14 फरवरी को दोपहर साढ़े 3 बजे अवलोकन एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना हेतु टेबल, गणना अधिकारी एवं गणन अभिकर्ता का निर्धारित स्थान, विभिन्न प्रपत्र और राउंडवार टेबुलेशन की जानकारी लिया, इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सहित प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार के बारे रूबरू हुए। कलेक्टर ने निर्धारित समय पर मतों की गणना शुरू करने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश रिटर्निंग ऑफिसर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को दिए। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका परिषद कांकेर के लिए न्यू कम्युनिटी हॉल स्थित मतगणना केन्द्र में कुल 11 टेबल लगाई जाएगी, जिस पर दो चक्रों में ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। इसमें पालिका अध्यक्ष एवं 21 वार्ड पार्षदों के लिए मतों की ▶▶|शेष पेज 8 पर

जन्मदिन उत्सव
आज अंतिम दिन
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 15 से 17 फरवरी तक शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम व उप निर्वाचन 2025 के तहत मतदान व मतगणना के मद्देनजर जिले में 15 फरवरी को दोपहर 3 बजे से 17 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, इस अवधि के दौरान एफएल 7 सैनिक कैन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी। इसके साथ ही अवैध शराब की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

### डॉ. राजाराम को मिलेगा सस्टेनेबल फार्मिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड

**कोण्डागांव।** जैविक कृषि और सतत खेती में अपने नवाचारों के लिए ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक और पर्यावरणविद् डॉ. राजाराम त्रिपाठी को सस्टेनेबल फार्मिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 28 फरवरी को भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार तथा फार्म एंड फूड राष्ट्रीय कृषि पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। डॉ. त्रिपाठी देश के सबसे शिक्षित किसानों में गिने जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित डॉ. त्रिपाठी इस वर्ष के अंत तक 51 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और अब तक 21 लाख से अधिक पेड़ रोप चुके हैं। उन्होंने महंगे पॉलीहाउस के सस्ते और टिकाऊ विकल्प नेचुरल ग्रीनहाउस का सफल नवाचार किया, जिसकी लागत मात्र 2 लाख प्रति एकड़ आती है। जबकि पारंपरिक पॉलीहाउस की लागत 40 लाख प्रति एकड़ होती है। यह तकनीक किसानों के लिए क्रांतिकारी साबित हो रही है। इसके अलावा, उन्होंने चार गुना अधिक उत्पादकता देने वाली माँ दंतेश्वरी काली मिर्च–16 विकसित की है।

### मतदान सामग्री का वितरण होगा कल

**बीजापुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रथम चरण का मतदान जनपद पंचायत बीजापुर में 17 फरवरी को सम्पन्न होगा जिसके लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण 16 फरवरी को सुबह 7 बजे किया जाएगा। प्रातः 7 बजे सामग्री का वितरण होगा। वहीं 9 बजे मतदान कर्मियों को उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

### एप के माध्यम से आवेदनों पर हो रही त्वरित कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के स्थानीय नागरिकों एवं आमजनों से जुड़ी समस्या, शिकायतों जुड़े आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु ''अतुल्य दन्तेवाड़ा एप'' लांच किया गया है। इस एप को डाउनलोड करके आमजन किसी भी विभाग से संबंधित अपने समस्याओं से अवगत करा सकेंगे।

### 18 आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 4.50 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए राशि दी जाती है।

# विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव और डर को दूर करने बताए प्रभावी उपाय

**जिले के 164 उच्च व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला प्रशासन कोंडागांव और युवोदय कोण्डानार चौंप्स के संयुक्त तत्वावधान में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विशेष ऑनलाइन कार्यशाला हम होंगे कामयाब का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें जिले के 164 उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी शामिल हुए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव और डर को दूर करने के प्रभावी उपाय बताए। ऑनलाइन कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी समग्र शिक्षा ईमल बघेल, एपीसी शिक्षा विभाग निवास नायडू, एस.आर. मरावी और सहदेव मरकाम उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने, अध्ययन की प्रभावी पद्धतियों को अपनाने और मानसिक शांति व एकाग्रता से पढ़ाई करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला में बताया गया कि परीक्षा में असफलता को जीवन की असफलता न समझें। परीक्षा में सफलता–जीवन में सफलता जैसी अवधारणाओं को त्यागकर, बिना दबाव के पढ़ाई करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई। साथ ही, विद्यार्थियों को तनाव महसूस होने पर मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में शामिल सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। बेहतर तैयारी के साथ सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

## आईटीबीपी का आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम

# 40 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए गुरुग्राम हरियाणा रवाना




■ सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी के 16वें आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के तहत कोण्डागांव एवं नारायणपुर जिले के 40 विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। यह दल हरियाणा के गुरुग्राम में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेगा। आईटीबीपी 29वीं वाहिनी कोण्डागांव द्वारा नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को देश की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक परिवेश से परिचित कराना है। जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से समझ सकें। विद्यार्थियों का यह दल कोण्डागांव, नारायणपुर के फरसगांव, छोटेडोंगर और ओरछा क्षेत्रें से चयनित किया गया है। इसमें 20 युवक और 20 युवतियां शामिल हैं।

### यात्रा का उद्देश्य और आईटीबीपी की भूमिका

आईटीबीपी पिछले 15 वर्षों से आदिवासी युवाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं सुरक्षा सहायता उपलब्ध कराकर सशक्त बना रही है। इस अभियान के तहत युवाओं को नई जगहों के बारे में जानकारी मिलेगी और वे समाज की विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लेंगे। आईटीबीपी 29वीं वाहिनी के कमांडेंट विजय राज जयसवाल ने कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदायों को देश की सामाजिक–सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए समय–समय पर खेल प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य शिविर और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आईटीबीपी का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नया दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। उन्हें समाज एवं देश की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# यूनाइटेक फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने किया प्रदर्शन, दो दिन बंद रहेगी बैंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बैंक अधिकारी व कर्मचारियों का संघ यूनाइटेक फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 14 फरवरी को हड़ताल के पूर्व सांकेतिक प्रदर्शन किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि कई माँगो को लेकर प्रदर्शन किया गया और मार्च माह में 24 एवं 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आव्हान किया गया है।

कांकेर में आयोजित प्रदर्शन को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों ने कहा कि बैंकों में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन, लंबित मुद्दों का समाधान, नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने जैसी मांगों का समाधान आदि को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा 24 और 25 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का अव्हान किया है। उपमहासचिव विजय बक्शी के द्वारा बैंको के ऊपर काम के बदले पर्याप्त मात्रा में भर्ती, साथ ही पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन पूर्ण ना होने पर नाराजगी व्यक्त किया है। क्षेत्रीय सचिव पवन वर्मा के द्वारा बैंकों में आउट सोर्सिंग भर्ती बंद करने, यूनाइटेड फोरम के अन्य मांगों को केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे अनदेखी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार की उदासीन रवैया पर रोष व्यक्त किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक रायपुर मॉड्यूल के उपमहासचिव विजय बक्शी, सहायक उपमहासचिव अरुण वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष रायपुर मॉड्यूल नरेश साहू, क्षेत्रीय सचिव पवन वर्मा, संगठन सचिव प्रकाश साक्षी ने किया। इसी तारतम्य में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिले कांकेर, धमतरी, बालोद एवं गरियाबंद जिलो मैं प्रदर्शन किया गया।

# ग्रामीण हड़मा हेमला की हत्या के 7 आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पिछले 4 फरवरी को ग्राम ककाड़ी निवासी हड़मा हेमला को अज्ञात नक्सलियों द्वारा घर से बाहर ले जाकर रस्सी से गला घोंटकर एवं धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। थाना अरनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि आरोपियों की पतासाजी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पता चला की मलिंगर एरिया कमेटी नक्सल कैडर घटना में शामिल थे। आज 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें ककाडी मिलिशिया सदस्य नंदा सोड़ी उम्र 20 वर्ष निवासी ककाडी गुट्टापारा थाना अरनपुर, पोर्रोककाड़ी मिलीशिया सदस्य जोगा मड़काम उर्फ मुरली उम्र 27 वर्ष निवासी पोर्रोककाड़ी थाना जगरगुण्डा, नहाडी डीएकेएमएस सदस्य हांदा मरकाम उम्र लगभग 23 वर्ष पता नहाड़ी करकापारा थाना अरनपुर, पोर्रोगुमोड़ी मिलीशिया सदस्य नंगा सोड़ी उम्र 26 वर्ष निवासी पोर्रोगुमोड़ी थाना जगरगुण्डा, नहाडी मिलिशिया सदस्य नंदा सोरी उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी पोर्रोगुमोड़, पोरोककाड़ी मिलीशिया नंदा मरकाम उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी पोरोककाड़ी थाना जगरगुण्डा तथा पोर्रोगुमोड़ी मिलीशिया सुला हेमला उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी पोर्रोगुमोड़ी सभी 7 आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया। अन्य आरोपियों की पता तलाशी की जा रही है।

# गट्टीपलना में वार्षिक माता मड़ई गांवों के देवी- देवता हुए शामिल



■ आसपास के ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना के बाद मेला स्थल की परिक्रमा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी शुक्रवार को ब्लाक के ग्राम पंचायत गट्टी पलना में वार्षिक पारंपरिक शीतला माता मंडई का आयोजन को किया गया। जिसमें आसपास की देवी देवताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। दोपहर 2 बजे के बाद देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद देवी-देवताओं के साथ ग्रामीणों ने मेला स्थान की परिक्रमा की । मेला मड़ई के अवसर पर रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। वार्षिक मेला मड़ई को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष हेमलाल नेताम, उपाध्यक्ष प्रदीप नेताम, सचिव देवेंद्र नेताम, माता पुजारी संजू नेताम, ग्राम पटेल दलसाय नेताम, गायता अनित नेताम, कोटवार विजय कोर्राम, ग्राम के वरिष्ठजन सरादु नेताम, फगनू नेताम, पूर्व सरपंच अनीता मरकाम एवं समस्त युवा संगठन और ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# 22 लाख की लागत से बना कैक्टस गार्डन हुआ बेकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नि:शुल्क होने के बाद भी पर्यटकों की कमी



शहर के निकट स्थित लामनी पार्क में वन विभाग द्वारा 4 वर्ष पूर्व लगभग 22 लाख रुपए की लागत से कैक्टस गार्डन बनाया गया है। इसमें पर्यटकों को लिए ऊटी एवं आंध्रप्रदेश के विभिन्न जगहों से 120 प्रजातियों का कैक्टस रखा गया। वन विभाग ने गार्डन में पर्यटकों के लिए निःशुल्क किया गया है। पर्यटक देखने को तैयार नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र जगदलपुर के अंतर्गत लामनी पार्क में वन विभाग द्वारा कैक्टस गार्डन के लिए भवन का निर्माण 4 वर्ष पूर्व किया है, जिसकी लागत लगभग 22 लाख रुपए बताई जा रही है। गार्डन में उटी सहित अन्य जगहों से 120 प्रजाति के कैक्टस लाकर रखा। गार्डन में शहर के साथ-साथ बाहर से भी आने वाले पर्यटकों को देखने मिलेगा, इसके लिए वन विभाग ने एक पर्यटक के लिए 5 रुपए टिकट रखा गया था, पर पर्यटकों नहीं पहुंचने से विभाग ने इसे निःशुल्क किया, उसके बाद भी पर्यटक कैक्टस गार्डन नहीं देख रहे हैं। अलग प्रजाति के कैक्टस के पास डिप्ले बोर्ड लगाया जाएगा, जिससे पर्यटकों को प्रजाति की जानकारी मिल रही है। परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि गार्डन का निर्माण कार्य की देख-रेख प्रभारी उदयनाथ सिंह के नेतृत्व में पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्क को साफ-सफाई किया जाता है।

### पर्यटकों की सुविधा का ध्यान

वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने इस संबंध में कहा कि गार्डन में पर्यटकों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।

### बिहार के तस्कर से 53 हजार का गांजा जब्त

**जगदलपुर।** ओडिशा से गांजा लेकर बिहार जाने बस का इंतजार कर रहे तस्कर को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 53 हजार का गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा अवैध रूप से गांजा तस्करी करते बस स्टैंड से आरोपी सतेंद्र कुमार यादव 36 वर्ष निवासी ग्राम छावनी थाना कारकट जिला रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लाल काई रंग के पिट्ठू बैग में रखा 5.300 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 53 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

## वार्षिक बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बैठक आयोजित

# प्री-बोर्ड परीक्षा 2024-25 के नतीजों का विश्लेषण कर आगे की रणनीति की तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



स्वामी आत्मानंद विद्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2023–24 के परिणामों की समीक्षा की गई। साथ ही प्री–बोर्ड परीक्षा 2024–25 के नतीजों का विश्लेषण कर आगे की रणनीति तय की गई। बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को आगामी दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के साथ–साथ पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को मजबूत करने। परीक्षा की तैयारियों को प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति अपनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान परीक्षा की सुचारू रूप से तैयारी सुनिश्चित करने और छात्रों के प्रदर्शन को सुधारने के लिए व्यापक चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों एवं प्राचार्यों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करें। ताकि जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे और छात्र भविष्य में सफलता हासिल कर सकें।

### ये रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में परीक्षा प्रभारी अशोक कुमार साहू, विकासखंड फरसगांव के सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंसराज सिन्हा, खंड स्त्रेत समन्वयक अशोक मरकाम तथा विकासखंड के समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# नशीली टेबलेट बेच रहे दो आरोपी युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने दो आरोपियों को नशीली अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाईक से जगदलपुर से आड़ावाल की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 1 हजार 882 रूपए की नशीली टेबलेट व बाइक जब्त की गई। नशीली टेबलेट बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर तथा साइबर सेल के निरीक्षक सुरेश जांगड़े, एसआई प्रमोद ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आड़ावाल मुख्य मार्ग स्थित हिंगलाजिन किराना स्टोर के सामने से दो आरोपियों को बाईक के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पेज 7 के शेष

### प्रयागराज से आंध्रप्रदेश...

को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारी ट्रैवलर बस क्रमांक एपी 39 टीवाय 4689 को ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। दुर्घटना में बस में बैठे शिवा, रवि, रमेश, कामेश्वरी, देवी, सरोज, पी दुर्गा एवं अन्य लोगों को चोट आई है और बस भी क्षतिग्रस्त हो गई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी स्कार्पियों के वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**स्कार्पियों में सवार एक की हुई मौत**– जानकारी के अनुसार स्कार्पियों में चालक के अलावा उसका एक अन्य साथी जो बाजू सीट में बैठा था, उसकी टक्कर के बाद घटनास्थल पर मौत हो गई। इसकी जानकारी परिजनों को दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार कर शव का पीएम करवाया और शव को परिजनों को सौंपा गया।

### कांकेर नगर पालिका...

गणना आज 15 फरवरी की सुबह 09 बजे से होगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर जितेन्द्र कुमार कुर्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल तथा एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर में 15-15 वार्ड है, इनकी मतगणना के लिए 15 टेबल लगाई गई है और एक चक्र में ही मतगणना हो जाएगी। इसके अलावा चारमा नगर पंचायत का कक्ष छोटा होने के चलते दो चक्र में गिनती की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### पुलवामा में शहीद वीर जवानों को युवकों ने दी श्रद्धांजलि



**गीदम।** पुलवामा हमले में शहीद होने वाले वीर जवानों की याद में बारसूर में नव युवको ने वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बारसूर के शहीद चौक में स्थित शहीद स्मारक पर बारसूर के नव युवको ने भारत माता की जय, शहीद जवानों की अमर रहे का नारा लगाया। पुलवामा में शहीद हुए जवानों के लिए मौन धारण कर पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर बारसूर व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र नाग सहित समाज प्रमुख भूनेश्वर भारद्वाज मौजूद रहे। नरेंद्र नाग ने बताया कि 14 फरवरी को ही पुलवामा आतंकी हमला हुआ था। इसी दिन भारतीय सेना के जवान शदीद हो गए थे उनके योगदान को याद रखा जाएगा। भारद्वाज ने कहा कि 14 फरवरी को ब्लैक डे के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भारतीय सेना के जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी रही।

### मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी का दिया गया प्रशिक्षण

**सुकमा।** कलेक्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत सुकमा में 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न किया जाएगा। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी अधिकारी कर्मचारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा मे मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पंचायत निर्वाचन में उपयोग किए जाने वाले मतपत्र, मतपेटी, लिफाफा सहित अन्य जरूरत के सामग्री के वितरण एवं चुनाव उपरांत वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इसमे बरते जानी वाली सावधानियों के बारे मे बताया गया।

### हमारे कार्य ही हमारी जीत के दावे के आधार हैः अटामी

**दंतेवाड़ा।** विधायक चैतराम अटामी ने कहा की हम दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे



इस हेतु कार्य करते हैं,उपरोक्त बातें पंचायत चुनाव विषय को लेकर विधायक चैतराम अटामी ने कही। अटामी ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए फिर अपने निवास गए। अब हितग्राहियों के मकान बनने प्रारंभ हो गए हैं व 180000 पूर्ण भी हो चुके हैं। अगर यह मकान 5 वर्ष पहले बन जाते तो हमें ज्यादा खुशी होती। उन्होंने कहा जिस कार्यकर्ता को गरीबों के उनके आवास दिलाने के लिए आंदोलन का नेतृत्व सौपा उसे ही मंत्री बनाकर गरीबों को आवास बांटने का काम बीजेपी की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनमन के तहत विशेष संरक्षित जनजातियो के पूरे देश के लक्ष्य में से 51 प्रतिशत सड़के सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिली है।

दंतेवाड़ा, बड़ेबचेली, किरंदुल, गीदम एवं बारसूर में मतगणना की तैयारियां पूरी

# प्रातः 9 बजे से होगी मतों की गिनती

## डाइट में होगी मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन से जारी विज्ञप्ति अनुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन वर्ष हेतु 11 फरवरी को मतदान किया गया था एवं 15 फरवरी को नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा, बड़े बचेली, किरंदुल एवं नगर पंचायत गीदम, बारसूर में मतगणना एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जावेगी। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा, के लिए मतगणना स्थल जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट दंतेवाड़ा, नगर पालिका परिषद बड़े बचेली हेतु एनएमडीसी मंगल भवन बड़े बचेली, नगर पालिका परिषद किरंदुल के लिए भीमराव अम्बेडकर भवन किरंदुल, नगर पंचायत गीदम के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम तथा नगर पंचायत बारसूर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर में मतगणना स्थल निर्धारित है। ज्ञात हो कि मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों की नियुक्ति कर उन्हे रिटर्निंग ऑफिसर स्तर पर मास्टर ट्रेनर के माध्यम से 13 फरवरी को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा चुका है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तावित गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति भी की जा चुकी है। मतगणना 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे से निर्धारित स्थलों में प्रारंभ की जाएगी जिसकी सूचना समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को दी जा चुकी है।



### 18 फरवरी को होगा तृतीय प्रशिक्षण

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जनपद पंचायत कटेकल्याण हेतु द्वितीय प्रशिक्षण 14 फरवरी को कटेकल्याण और कुआकोंडा के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कटेकल्याण में कुल 299 और कुआकोंडा में 319 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीपीटी के माध्यम से पीठासीन मतदान अधिकारी क्रमांक 12, 3 को उनके दायित्व एवं कार्यों की विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही समस्त प्रपत्रों को भरने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में मतपेटी सीलिंग प्रक्रिया को डेमो करके समझाया गया। ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु आगामी तृतीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत कटेकल्याण 18 फरवरी, जनपद पंचायत कुआकोंडा, 21 फरवरी को होगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, तहसीलदार आशा मौर्य, जनपद सीईओ आशीष डे मास्टर्स ट्रेनर जितेंद्र वर्मा, अनिल साहू, अमर यादव, प्रद्युमन सेंगर, लखन कश्यप, योगेश पटेल, मोतीराम कंवर, परमानंद ध्रुव तथा उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

**सुकमा।** नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत मतगणना 15 फरवरी को शासकीय आईटीआई सुकमा में प्रातः 9:00 बजे से की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव और प्रेक्षक अश्विनी देवांगन ने मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने टेबुलेशन कक्ष में लगाये गये सीसी टीवी, वीडियो का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग, मतगणना कक्ष में मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर, एएसपी अभिषेक वर्मा, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, आरओ मधु तेता सहित निर्वाचन कर्तव्यों से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### शहर में किसकी होगी सरकार आज होगी वोटों की गिनती

**सुकमा में दो राउंड और दोरनापाल में 1 राउंड में रिजल्ट**





**सुकमा।** नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा अंतर्गत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के 15




पदों एवं नगर पंचायत दोरनापाल अंतर्गत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए आज सुबह 9 बजे से निर्धारित मतगणना केन्द्रों में मतगणना प्रारंभ की जाएगी। नगर पालिका परिषद सुकमा अंतर्गत शासकीय आईटीआई कालेज सुकमा में मतगणना कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 8 टेबल की व्यवस्था की गई है जिसमे 2 राउण्ड में मतगणना कार्य पूर्ण होगी। इसी तरह नगर पंचायत दोरनापाल में 15 टेबल में मतगणना कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में मतगणना के लिए आवश्यक सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। सुकमा नगर पालिका में अध्यक्ष के लिए 4 और 15 वार्ड में पार्षद के लिए 47 उम्मीदवारों ने दावेदारी की है। कुल 13518 मतदाताओं में से 8667 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं दोरनापाल नगर पंचायत में अध्यक्ष के लिए 2 और पार्षदों के लिए 31 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। यहां कुल 3993 मतदाताओं में से 3103 वोटर्स ने मतदान किया।

## शांति और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को शांति और निष्पक्षता से संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी विकासखंडों में मतदान दलों को तृतीय प्रशिक्षण दी गई। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए यह दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसमें मतदान कर्मियों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और आचार संहिता के पालन की विस्तृत जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत जैन ने विकासखंड छिंदगढ़ में चल रहे मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में शांति और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी मतदान कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रशिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मतदान दलों की सक्रिय रूप से भागीदारी ले, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो।

सीईओ जिला पंचायत जैन ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदान कर्मी को अपनी भूमिका और कर्तव्यों को भली-भांति समझना जरूरी है।

### विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समयावधि में भेजने अधिकारी नियुक्त

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने 24 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का पंचम सत्र के दौरान जिले से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं एवं अन्य जानकारी समयावधि में छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर गजेंद्र ठाकुर को नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयावधि में प्रेषित करना अनिवार्य है। विधानसभा सत्र के दौरान सक्षम अधिकारी से बिना पूर्व स्वीकृति के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अवकाश में प्रस्थान नहीं करेंगे।

## वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेकेंड बटालियन ने मनाय 78वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



द्वितीय वाहिनी के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ 13 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर आनंद सिंह राजपुरोहित पुलिस उपमहानिरीक्षक, सुकमा रेंज मुख्य अतिथि अरुणा राजपुरोहित को गेस्ट ऑफ ऑनर एवं किरण चव्हान आईपीएस पुलिस अधिक्षक सुकमा मनीष कुमार भारती कमांडेंट, 227 वाहिनी दीपक कुमार साहू कमांडेंट 131 वाहिनी नवीन कुमार कमांडेंट 223 वाहिनी धन सिंह बिष्ट कमांडेंट 226 वाहिनी को विशेष अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

ज्ञात हो कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत 7 फरवरी को एफ द्वितीय कम्पनी रामाराम में रक्तदान शिविर से हुई। इसके पश्चात 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ सेक्टर के महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल, आईपीएस, डीआईजी सुकमा रेंज आनंद सिंह राजपुरोहित तथा एन. के. सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर की उपस्थिति में कमांडेंट रतिकांत बेहेरा के नेत्तत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र दुलेर में आयोजित किया गया । जिसमें 500 से अधिक आदिवासियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। 9 फरवरी को मूर्कराजकोंडा कैंप में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को घरेलू उपयोग की सामग्री, स्कूली बच्चों को कॉपी-किताबें एवं पेंसिल तथा युवाओं को खेलकूद का सामान वितरित कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने एवं जागरूक करने का सतत प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, 12 फरवरी को द्वितीय वाहिनी मुख्यालय, सबरी नगर, सुकमा में एक भव्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य आकर्षण मलखम एवं मेले में विभिन्न प्रकार के अलग- अलग क्षेत्रीय मसहूर व्यजंनो के स्टॉल लगाये गये थे। 13 फरवरी को द्वितीय वाहिनी मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना से हुआ जिसमें सभी वरिष्ठ अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारियों तथा जवानों ने भाग लिया। इसके उपरांत, क्वार्टर गार्ड में कमांडेंट रतिकांत बेहेरा द्वारा सलामी ली गई। जिसके पश्चात उन्होंने सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया। जवानों को वाहिनी के प्रति सदैव निष्ठा एवं कर्मठ रहने की सलाह दी व जवानों को उनके कर्तव्यों एवं भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत आनंद सिंह राजपुरोहित पुलिस उपमहानिरीक्षक, सुकमा रेंज द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीकृष्ण की वंदना से हुई। इसके बाद वाहिनी के जवानों ने नाटक के माध्यम से द्वितीय वाहिनी के गौरवशाली 78 वर्षों के इतिहास को प्रस्तुत किया। इस नाटक में सरदार पोस्ट पर प्रदर्शित वीरता से लेकर सुकमा के दुलेर व मूर्कराजकोंडा जैसे घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में एफओबी फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित करने तक की यात्रा को दर्शाया गया।

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्र के एसएसएम सत्रों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नानगुर ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र की एसएसएम सत्रों की जांच की गई। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा नानगुर ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नियानार के तहत जामगुड़ा में चल रहे हैं। एसएसएम (शिशु संरक्षण माह) सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सत्र के दौरान सभी रखी जाने वाली आवश्यक सामग्री की जांच की गई। जैसे की ड्यू लिस्ट, विटामिन ए सिरप, आयरन सिरप, टीकाकरण कार्ड, सभी का निरीक्षण करने के उपरांत शुक्रवार को भी आवश्यक रूप से वीएचएसएनडी शिविर लगाने की निर्देश सीएमएचओ द्वारा दिए गए। इस अवसर पर आरएचओ राजकुमारी बडडे, आरती गोस्वामी सीएचओ मितानिन सोनामणि उपस्थित रही। इसके उपरांत सीएमएचओ द्वारा आयुष्मान आरोग्य केंद्र डोंगाम के अधीन तुसेल के आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में लग रहे एसएसएम सत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें शशिकांत मांडवी, अंबिका नेताम, सीएचओ शिवानी नायक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वृंदा, रेखा यादव और मितानिन दयामती उपस्थित रहे। टीकाकरण सत्र की जांच के अगले चरण में जमावड़ा आम के आंगनबाड़ी केंद्र कासरीपारा में पहुंचे जहां पर प्रभारी बीइटीओ सुनैना सेते द्वारा एसएसएम का निरीक्षण करना पाया गया। सत्र में लक्ष्मी कश्यप एएनएम और महेश कश्यप आरएचओ मेल शामिल रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने दी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया बहनों ने आरती सजाकर अपने माता-पिता की चरण वंदना की तथा चंदन, कुमकुम, अक्षत पुष्प माला पहनकर आरती की व मिष्ठान खिला कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित अभिभावकों ने कहा यह परंपरा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में ही देखने को मिलता है। आचार्य दीदियों ने बच्चों को माता-पिता के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है हरि अनंत हरि कथा अनंता यदि समुद्र को स्याही बना लें और धरती को कागज बना लें तो भी माता-पिता और गुरु का वर्णन नहीं लिखा जा सकता भैया बहनों ने अपने आचार्यो दीदीयो का तिलक वंदन आरती कर आशीर्वाद लिए माता-पिता और गुरु की आरती करने के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 86 माता-पिता और अभिभावकों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई।

## सीईओ ने दीदियों को साइबर सिक्योरिटी की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




जिला पंचायत सुकमा और पुलिस विभाग सुकमा के संयुक्त तत्वाधान में जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। साइबर सिक्योरिटी वर्कशॉप का आयोजन जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के प्रति आम लोगों में जागरूकता फैलाना और इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। वर्कशॉप में एनआरएलएम बिहान समूह की दीदियाँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी परमेश्वर तिलकवार ने साइबर फ्रॉड और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को सुरक्षित डिजिटल माहौल प्रदान करना है। आम ग्रामीण और शहरी नागरिक साइबर खतरों को समझें और उनसे बचने के लिए हमेशा सतर्क रहें। वर्कशॉप का संचालन साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञ तेजराम सारथी ने किया जिन्होंने साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं, डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और पासवर्ड सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें दीदियों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों से साइबर खतरों से बचने के लिए जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक तिवारी भी उपस्थित थे।

## गाड़ी की डिक्की, हेण्डल व थैले में हेलमेट रखने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



यातायात सुरक्षा माह में वाहन चालकों को समझाईश व अपील के बाद अब नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने दो दिन में ऐसे 180 दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई जो बिना हेलमेट व दस्तावेज के वाहन चलाते हुए मिले। शहर के मुख्य चौराहों व हाईवे में जांच के दौरान हेलमेट लगाने की बजाए गाड़ी की डिक्की, हेण्डल व थैले में रखकर वाहन चलाते हुए यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों से 90 हजार रूपए वसूला गया समन शुल्क वसूलते हुए उन्हे दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट लगाने समझाईश भी दी जा रही है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर यातायात डीएसपी संतोष जैन के नेतृत्व में अमले द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई जारी रहेगी

एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा जिले के यातायात विभाग व थानों को दोपहिया वाहन चलाते समय सभी लोग को हेलमेट पहनने और इसके लिए लोगों को प्रेरित करने साथ ही इसका उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार मोटर यान अधिनियम के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। इसी के तहत जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि बाईक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने जिससे सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाले मौतों से लोगों की जान बचाई जा सके और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम वाहन चलाते समय अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।



## खबर संक्षेप

### धौराभाठा में 19 से पांच दिनी क्रिकेट प्रतियोगिता

**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में 19 से 23 फरवरी तक पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पहले स्थान पर रहने वाली टीम को 25,000 रूपए और ट्रॉफी, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 13,000 रूपए और ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 6000 रूपए और ट्रॉफी,चौथे स्थान पर आने वाली टीम को 3000 रूपए और ट्रॉफी दिया जाएगा। आयोजक महेश नेताम, सूर्यकांत, राहुल कांवड़े, भागवत मरकाम, बीरेंद्र मरकाम, भूपेश देवांगन, दशेन नेताम और पंकज मरकाम ने उक्ताशय जानकारी दिया।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बांदे निवासी 19 वर्षीय सुजल मंडल ने जहर खा लिया था, जिसका ईलाज के दौरान भानुप्रतापपुर के निजी में 7 फरवरी को सुबह 4 बजें मौत हो गया। थाना भानुप्रतापपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डीजल व पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश

**बीजापुर।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं सामग्री के परिवहन हेतु वाहनों का प्रयोग होगा जिसके लिए पेट्रोल व डीजल की आवश्यकता होगी। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर कहा गया है कि जिले के समस्त प्रोपराईटर डीजल व पेट्रोल पम्प संचालक निर्वाचन अवधि तक पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखेंगे। पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध न होने की दशा में छग मोटर स्पिरिट एवं हाई डीजल आयल आदेश 1980 के तहत जारी अनुज्ञप्ति की शर्त का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण उत्तरदायित्व पम्प संचालक का होगा।

### मतगणना के लिए मिला प्रशिक्षण, 15 टेबल में गिनती

**बीजापुर।** 15 फरवरी प्रातः 9 बजे से नगरपालिका निर्वाचन के तहत मतगणना का कार्य सांस्कृतिक भवन स्थित कंट्रोल रूम में सम्पन्न होगा। मतगणना की सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण हो चुकी एवं मतगणना हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जा चुका है। बीजापुर नगरपालिका के 18 वार्डो के पार्षद एवं अध्यक्ष पद हेतु हुऐ निर्वाचन की मतगणना कार्य सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी उप जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई है। मतगणना हेतु 15 टेबल की व्यवस्था की गई है।

### नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत 30 लाख की स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के प्रकरण में प्रत्येक को पांच-पांच लाख रूपए कुल 6 पीड़ितों के परिजनों को 30 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रशिक्षण : 25 ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

# पंचायत चुनाव में शामिल मतदान दलों को तृतीय चरण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत दुर्गुकोंदल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के 88 मतदान केंद्रों के लिए प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ। मतदान दलों का तृतीय एवं अंतिम प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी के लिए 123 मतदान अधिकारी क्रमांक एक के लिए 130 मतदान अधिकारी, क्रमांक 2 के लिए 130 मतदान अधिकारी, क्रमांक 3 के लिए 119 तथा मतदान अधिकारी क्रमांक 4 के लिए 88 मतदान अधिकारियों को 25 मास्टर ट्रेनर्स ने ट्रेनिंग दिया।

प्रशिक्षण प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने बताया कि प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी पीठासीन मतदान अधिकारी नियत समय में अपने-अपने कक्ष में प्रवेश किए एवं मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दुर्गुकोंदल ब्लॉक अति संवेदनशील होने के बावजूद भी सभी शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन सहर्ष कर रहे हैं एवं जो भी मतदान के दौरान परेशानियां आ सकती है उन्हें मास्टर ट्रेनर्स को पूछ कर समाधान किया जा रहा है। सहायक प्रभारी अंजनी मंडावी ने मतदान अधिकारी क्रमांक 4 को अपने दायित्व के प्रति सदैव सजग रहने कहा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की भी प्रशंसा की एवं कहा कि सभी महिला कर्मचारी बहुत ही अच्छे ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। सभी कर्मचारियों का बैंक डिटेल ले लिया गया है एवं परिचय पत्र का वितरण भी किया जा रहा है जिनका परिचय पत्र नहीं बना है उन्हें तत्काल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर्स मनीष गौतम, हेमंत श्रीवास्तव, टोमन ठाकुर, देवलाल सेन, बाबूलाल कोमरा, गोपाल जयते, गर्जेंद्र शांडिल्य, श्याम सिंह नेगी, हीरालाल करंगा, दुखित खरे, हिरेश जैन, रघुनाथ साहू, ओमप्रकाश उयके, लेखराम टांडिया, संजीव कुमार कुलदीप, गोवर्धन देवांगन, रूपलाल पटेल, हेमलाल खरे, चैतराम तारमें, दिनेश पिस्दा, वीरेंद्र, दिग्विजय सलाम, शैलेंद्र देशमुख, अरुण कुमार साहू के द्वारा प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे मतदान केंद्र में आधारभूत सुविधा, पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्यों व कार्यों की जानकारी बहुत ही अच्छे ढंग से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मतपत्र के रंगों से सभी मत पत्रों का पहचान कर मतपेटी सीलिंग को भी अच्छे ढंग से बताया जा रहा है। इसी के साथ दोपहर 1 बजे से संग्रहण एवं वितरण मतदान अधिकारियों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में स्थानीय निर्वाचन अधिकारी केतन भुयार्य सुरेंद्र बंजारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रशिक्षण प्रभारी पर शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक प्रभारी अंजलि मंडावी के द्वारा प्रत्येक कक्ष में मार्गदर्शन दिया गया है। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, धनु राम पद्माकर, किशोर विश्वकर्मा, गोवर्धन मंडावी, हेमलाल खरे, टिकेश्वर साहू, खेमंत सिन्हा, रामचंद्र दुग्गा, उमाकांत भंडारी के साथ समस्त संकुल समन्वय एवं सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अमूल सहयोग रहा है।

# नाली सफाई के नाम पर पड़ोसियों में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत जवाहर वार्ड में नाली सफाई की बात को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। दोनो पक्षों ने थाना पहुंचकर एक दूसरे में खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 23 वर्षीय प्रतीक रंगारे पिता भगवती रंगारे ने पुलिस को बताया कि हमारे बगल में सूरज सोनकर का घर लगा हुआ है। नाली से कचरा निकालने की बात को लेकर 14 फरवरी की सुबह 11 बजें आरोपी सूरज सोनकर के द्वारा गाली गलौज करने पर उसे गाली देने से मना किया, इस पर सूरज सोनकर तथा उनके अन्य साथी मुझे गाली देने लगे। हाथ मुक्का से तथा कड़ा से सूरज सोनकर व उसके अन्य साथी मारपीट करने लगे। झगड़ा मारपीट को देखकर मेरी मां अनीता रंगारे बीच बचाव करने आई। आरोपी सूरज सोनकर तथा उसके अन्य साथी मेरी मां अनीता रंगारे के साथ भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया और हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे मुंह, दोनो हाथ, कमर व दाहिने पैर में तथा मेरी मां अनिता के दाहिने हाथ, दाहिने पैर व कमर में चोटे आई है।

दूसरे पक्ष से जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 45 वर्षीय बबीता सोनकर पति सुनील सोनकर ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करती हूं। हमारा घर तथा अनिता रंगारे का घर अगल-बगल लगा हुआ है। नाली का कचरा सफाई करने की बात को लेकर 14 फरवरी को सुबह 11 बजे पड़ोसी प्रतीक रंगारे गाली दे रहा था। गाली देने से मना करने पर प्रतीक रंगारे तथा मां अनीता रंगारे दोनो एक राय होकर मेरे साथ गाली गलौज करते हुए आज तुझे जान से मार डालेंगे की धमकी देने लगे। आरोपी प्रतीक रंगारे व उसकी मां अनीता रंगारे हाथ-मुक्का व थप्पड़ से मारपीट कर रहे थे, जिसे देखकर मेरा बेटा सूरज सोनकर बीच बचाव करने आया तो उसे भी दोनो आरोपी मिलकर गाली देने लगे। मारपीट से मेरे कमर, पीठ, दाहिने हाथ तथा सूरज सोनकर के सिर, नाक व दाहिने हाथ में चोटे आई है। दोनो पक्ष ने एक दूसरे के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी और गाली देने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनो पक्षो की बात सुनकर धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 10वीं व 12वीं कक्षा के प्रश्न बैंक का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



हमर लक्ष्य के अंतर्गत जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए सभी विषयों का प्रश्न बैंक का वितरण खंड शिक्षा कार्यालय दुर्गुकोंदल के द्वारा सभी संस्था के प्राचार्यों को किया गया। इस प्रश्न बैंक में 2024-25 के परीक्षा के उपयोगी महत्वपूर्ण प्रश्नों का संग्रह ब्लूप्रिंट के आधार पर संग्रहित प्रश्न, विगत 5 वर्षों की परीक्षा में पूछे गए अविकल प्रश्न का एक स्थान पर, ज्ञानात्मक अवबोधात्मक तथा अनुप्रयोगात्मक प्रश्नों का संचय, सरल से कठिन तथा विविध कठिनाई स्तरों वाले प्रश्न, अति लघु उत्तरीय, लघु तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का संकलन, वैकल्पिक, रिक्त स्थान, सत्यासत्य, जोड़ी बनाना सहित शब्द सीमा आधारित प्रश्न एकत्रित किए गए हैं।

- प्रश्न बैंक का वितरण खंड शिक्षा कार्यालय दुर्गूकोंदल में सभी संस्था के प्राचार्यों को किया गया

जिला प्रशासन कि यह अभिनव पहल है जिससे जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को बहुत ही सहयोग मिलेगा, जिससे परीक्षा परिणाम में आश्चर्यजनक वृद्धि होने की संभावना है। क्योंकि परीक्षाएं शिक्षा व्यवस्था के एक अनिवार्य अंग है, जिससे शिक्षण सत्र में अर्जित ज्ञान का आकलन किया जाता है। ऐसे में जितनी अच्छी तैयारी हो उतना परिणाम अच्छा प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षाओं में पाठ्यक्रम की समझ, ब्लूप्रिंट महत्वपूर्ण प्रश्नों का अभ्यास और लिखित पढ़ने की पुनरावृत्ति का बड़ा ही महत्व होता है और साथ ही समय का प्रबंध समय सीमा का सबसे अच्छा उपयोग और शब्द सीमा के भीतर चुनिंदा सार गर्भित और वांछित जानकारी का होना बहुत आवश्यक होता है। इसी तथ्यों को आधार लेकर जिला प्रशासन की सहयोग से प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है, जिसमें गत वर्षो प्रश्नों के अलावा हमारे जिले के विषय विशेषज्ञों द्वारा उनके अनुभवों का निचोड़ भी शामिल है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूर्व वर्षों के प्रश्न पत्रों को तथा इस वर्ष विद्यालय में आयोजित त्रैमासिक अर्धवार्षिक परीक्षा मॉक टेस्ट प्री बोर्ड के प्रश्न पत्रों के माध्यम से करने व परीक्षा कक्षा में प्रश्न पत्र प्राप्त होते ही प्रश्न पत्रों के निर्देश को ध्यान पूर्वक पढ़ने एवं प्रश्नों का उत्तर देने समय प्रबंधन तालिका चित्र रेखाचित्र मानचित्र को समझने के लिए बहुत ही सहयोगात्मक पहल है। प्रश्न बैंकों का वितरण खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, बीआरसी लतीप सोम, प्राचार्य बाबूलाल कोमरा, हेमंत श्रीवास्तव, अजय नेताम, घनाराम कश्यप, रघुनाथ साहू के साथ समस्त प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, किशोर विश्वकर्मा, रामचंद्र दुग्गा, राजकुमार चंद्राकर, मैनु राम मंडावी, गोवर्धन मंडावी के सहित सभी संकुल उपस्थित रहे।

# बेसिक कंप्यूटर कोर्स प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के अंतर्गत आने वाली सीओबी मासबरास में नागरिक कल्याण कार्यक्रम गृह मंत्रालय, भारत सरकार व बल मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम व मानव संसाधन व कौशल विकास के अंतर्गत 30 दिवसीय 01 माह बेंसिक कम्प्यूटर कोर्स पूर्ण होने के उपरान्त प्रशिक्षुओं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिसमें मासबरास के कुल 15 प्रशिक्षु शामिल है।

नागरिक कल्याण कार्यक्रम व मानव संसाधन व कौशल विकास के अंतर्गत युवा ग्रामीणों के लिए खेल सामग्रियों का वितरण किया गया, जिसमें क्रिकेट किट, वॉलीबाल और कैरम बोर्ड खेल के समानों का वितरण किया गया। इस नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2024-25 के तहत मासबरास व पौन्ड़गाँव गाँव के दो विकलांग युवाओं को 02 ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस सराहनीय कार्य के अंतर्गत उन दो विकलांग युवाओं को एक स्थान से दुसरें स्थान पर आवागमन की सुविधा होगी और साथ ही मासबरास के सभी ग्रामीण जरूरतमंदों के लिए मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मासबरास व पौन्ड़गाँव गाँव के समस्त लोगों को जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और प्रशिक्षाणार्थियों को संबोधित करते हुए कमांडेंट अरुण देवगम ने बताया की सशस्त्र सीमा बल अपने उद्देश्य वाक्य सेवा, सुरक्षा व बंधुत्व का अनुसरण करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के साथ अपने कार्यक्षेत्र में लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार मानव संसाधन एवं विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन करती रहती है। सीओबी मासबरास के आस पास के युवक व युवतियों को भिन्न भिन्न प्रकार के स्वरोजगारन्मुखी प्रशिक्षण दिए है और भविष्य में देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे इनकों रोजगार प्राप्त हो सकें व स्वावलंबी बन सकें। इस अवसर पर मासबरास गाँव के ग्रामीण जनता और सीओबी मासबरास के आस पास के ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया तथा ग्रामीणों का कहना है कि वे सशस्त्र सीमा बल के कार्य प्रणाली तथा सहयोग भाव से कॉफी प्रभावित है तथा सशस्त्र सीमा बल का हमेशा से यहाँ के युवक/युवतियों के लिए उत्साह एवं सकारात्मक रवैया रहा है व भविष्य में सशस्त्र सीमा बल आने वाले दिनों में भी ग्रामीण आबादी को मुख्य धारा में जोड़ने तथा उनके सामाजिक व आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। इस नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अवसर पर अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

- मानव संसाधन व कौशल विकास के अंतर्गत 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

# पीड़ितों को दिए जाने वाले विभिन्न प्रकरणों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक में पीड़ितों को दिए जाने वाले विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान समिति द्वारा उक्त योजनांतर्गत जवाहर नगर वार्ड निवासी प्रमिला मांझी पति स्व. उदयचंद मांझी को दो लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में कलेक्टर हरिस ने हिट एंड रन केस में पीड़ितों को दिए जाने वाले मुआवजा सम्बन्धी लंबित दावा प्रकरणों की जांच कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश सम्बन्धित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को दिए। साथ ही दावा प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे सहित सभी एसडीएम, पुलिस अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

- मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत हुई बैठक

### पंचायत चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

# सेक्टर अधिकारियों को चुनाव प्रबंधन एवं दायित्वों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण में गीदम, दंतेवाड़ा में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में 14 फरवरी नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत किए गए प्रारंभिक तैयारी से निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपने सेक्टर के चुनाव प्रबंधन एवं दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके लिए मतदान केन्द्र पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं यथा-पानी, विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग, छाया, रैम्प, प्रसाधन, मोबाइल नेटवर्क इत्यादि की जानकारी के साथ ही मतदान दिवस पर समय-समय पर मतदान का प्रतिशत प्रतिवेदित करना, मतदान दिवस पर शिकायतों का निराकरण, मतपेटी की सीलिंग और मतदान दल द्वारा तैयार अन्य प्रपत्रों की जांच, सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, और पंचायत निर्वाचन से जुड़े समस्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।



